भाकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समारोह का आयोजन"

भाकृअनुप- भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में पीएम किसान सम्मान निधि समारोह का आयोजन दिनाँक 24.02.2025 को कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश एवं कृषि विज्ञान केंद्र, भाकृअनुप- भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बलदेव सिंह ओलख, कृषि राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश ने की। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव कृषि, श्री रविन्द्र; डॉ. आर. विश्वनाथन, निदेशक, भाकृअनुप- भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ; श्री जितेन्द्र कुमार तोमर, निदेशक कृषि; श्री अजय जैन, मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ; श्री वी.के. सिसोदिया, सचिव उपकार; श्री आर. के. सिंह, अपर कृषि निदेशक प्रसार, उत्तर प्रदेश एवं डॉ. अखिलेश दुबे, अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ ने किसानों को संबोधित किया। अपने सम्बोधन में श्री बलदेव सिंह ओलख, कृषि राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश ने केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं का उल्लेख किया तथा बताया कि योजनाओं द्वारा किसानों को सीधा फायदा पहुंचाया जा रहा है। डॉ. आर विश्वनाथन ने कार्यक्रम की महत्ता तथा किसानों हेतु पहुंचायी जा रही विभिन्न तकनीकों एवं फ़ायदों के बारे में बताया। कार्यक्रम में किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी में डॉ. आदित्य प्रकाश द्विवेदी, डॉ. शिव राम सिंह एवं डॉ. ए.के. दुबे, भाकृअनुप- भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, तथा जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ सहित लगभग 20 विभागीय अधिकारियों ने अपने विचार रखे। गोष्ठी का संचालन डॉ. कामता प्रसाद, प्रधान वैज्ञानिक, लखनऊ ने किया। कार्यक्रम में बाराबंकी, उन्नाव, लखनऊ एवं अन्य जिलों से आए 50 से ज्यादा किसानों को खेती के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों के 500 से अधिक किसानो ने हिस्सा लिया एवं सजीव प्रसारण देखा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अखिलेश दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

अजय जैन
कार्यक्रम स्थल